दिन– शनिवार | दिनांक– 28 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में नगर निकाय आम और उपचुनाव के लिए मतदान जारी। देश में पहली बार मतदाताओं को मिल रही है ई–वोटिंग की भी सुविधा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नवचयनित इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक में नामांकन के लिए बच्चों के आधार कार्ड की अनिवार्यता समाप्त।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

———————————————————

प्रदेश में नगर निकाय आम और उपचुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। छब्बीस जिलों के बयालीस नगर निकायों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी। इनमें छत्तीस नगर पालिकाओं और तीन जिलों पटना, रोहतास और पूर्वी चम्पारण की छह नगर पंचायतों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। देश में पहली बार मतदाताओं को इन चुनावों में ई–वोटिंग की भी सुविधा मिल रही है। मतदाता मोबाईल एप से सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक ई–वोटिंग कर सकेंगे। हालांकि मतदाता ईवीएम के माध्यम से भी मतदान कर सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल तीन लाख उनासी हजार छह सौ चौहत्तर मतदाता पांच सौ अड़तीस उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए चार सौ नवासी बूथ बनाये गये हैं। बूथों से लाईव वेबकास्टिंग भी की जा रही है। मतदाता किसी भी प्रकार की समस्या और गड़बड़ी के लिए टोल फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच सात दो चार तीन पर सम्पर्क कर सकते हैं। मतगणना तीस जून को होगी

———————————————————

राज्य निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि इन चुनावों में ई–वोटिंग का उपयोग ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि निकाय चुनावों में लगभग पचास हजार मतदाताओं ने ई–वोटिंग के लिए पंजीकरण करवाया है।

———बाईट———

——————————————————————

प्रदेश में आज नगर निकाय चुनावों में मोबाइल फोर के माध्यम से ई वोटिंग की शुरुआत हो गई है। तकनीकी रूप से चुनाव में अलग–अलग नवाचारों को अपनाने वाले बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के लिए यह एक और नया आयाम है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

माना जा रहा है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में आगे चलकर यह एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। बिहार में मतदान के समय शहरी क्षेत्र में वोटरों की उदासीनता एक बड़ी चुनौती रही है । राज्य चुनाव आयोग ने इससे पहले भी पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों में चेहरा पहचानने के माध्यम से वोटर सत्यापन , मतगणना में ऑप्टिकल कैरक्टर रिकॉग्निशन सिस्टम जैसे कई महत्वपूर्ण अनुप्रयोग किए हैं धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

——————————————————————

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता ईसीआई–नेट ऐप के माध्यम से अपनी समस्या का समाधान पा सकेंगे। वरिष्ठ उप–निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने बताया कि इस ऐप में मतदाताओं के लिए बीएलओ से बातचीत का विकल्प जोड़ा गया है। निर्वाचन आयोग की नौ सदस्यीय टीम ने विधानसभा चुनाव के लिए जारी विशेष गहन समीक्षा पर कल कई जिला मुख्यालयों पर अलग–अलग समीक्षा बैठक की। समीक्षा ~~बैठक~~ के लिए बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ के माध्यम से घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाना है। निर्वाचन आयोग के सलाहकार एन एन बुटोलिया ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के साथ पटना और मगध प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ पटना में बैठक की। राज्य में निर्वाचन आयोग की टीम का तीन दिवसीय दौरा भी कल संपन्न हो गया।

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नवचयनित इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवचयनित सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राज्य में पुलिस विभाग में दो लाख से अधिक पदों का सृजन कर तेजी से पुलिसकर्मियों की बहाली की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी पदों को इस साल के अन्त तक भर दिया जायेगा।

——————————————————————

पटना स्थित ज्ञान भवन में आज से आम महोत्सव की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय इस महोत्सव में आम के विभिन्न प्रभेदों की प्रदर्शनी के साथ ही रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

——————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक में नामांकन के लिए बच्चों के आधार कार्ड की अनिवार्यता समाप्त कर दी गयी है। हालांकि इससे ऊपर की कक्षाओं में प्रवेश के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता जारी रहेगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है।

————————————————————

अगले वर्ष हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जुलाई के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। इच्छुक यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या मोबाइल एप हज सुविधा से भी आवेदन कर सकते हैं। बिहार राज्य हज कमेटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राशिद हुसैन ने बताया कि यात्रा के लिए पासपोर्ट की वैधता इकतीस दिसंबर दो हजार छब्बीस या उसके बाद तक की होनी चाहिए।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने इन दावों का खंडन किया है कि सरकार खेतीबाड़ी के लिए प्रयुक्त जल पर कर लगाने की योजना बना रही है। जल शक्ति मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कर लगाए जाने से जुड़ी ऐसी तमाम अफवाहें निराधार और असत्य हैं। मंत्रालय के अनुसार, किसानों पर जल उपयोग के लिए शुल्क लगाने का न तो कोई प्रावधान है और न ही सरकार की ओर से ऐसा कोई निर्देश है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कृषि और जल– दोनों ही राज्य के विषय हैं और इन पर किसी भी प्रकार का शुल्क लगाया जाना राज्य के अधिकार–क्षेत्र में आता है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ तेईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी है।

———बाईट———

विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार डुमरिया में चौंतीस मीलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

————————————————————————

इधर, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्य में हो रही बारिश के चलते प्रदेश की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसे देखते हुये सीमावर्ती जिलों में बाढ़ सुरक्षा और कटावरोधी कार्य किये जा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सुपौल जिले के विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों में चालीस स्थानों पर कटावरोधी और तटबंध सुरक्षा कार्य कराये गये हैं।

————————————————————————

प्रदेश में डायरिया की रोकथाम के लिए पन्द्रह जुलाई से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि शिशु स्वास्थ्य और बच्चों में डायरिया से बचाव के लिए यह अभियान चौदह सितम्बर तक चलेगा। इसके तहत पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए ओआरएस पैकेट और जिंक की गोली का वितरण किया जायेगा। इस अभियान के लिए लगभग दो करोड़ बच्चों को लक्षित किया गया है।

————————————————————————

रेलवे ने श्रावणी मेला के दौरान बढ़नी और देवघर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन गोरखपुर–छपरा–हाजीपुर– बरौनी– मुंगेर– सुल्तानगंज और भागलपुर के रास्ते नौ जुलाई से दस अगस्त तक चलायी जायेगी।

————————————————————————

अब खबरें खेल जगत से..........

हरियाणा के रोहतक में आयोजित जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के छियासठ किलोग्राम भार वर्ग में बिहार के कैफ खान ने कांस्य पदक प्राप्त किया है।

बेगूसराय के बरौनी खेल गांव में आयोजित बहत्तरवें राज्य स्तरीय मोइनुल हक फुटबॉल टूर्नामेंट में पटना की टीम विजेता बनी है। कल खेले गये फाइनल मुकाबले में पटना ने पूर्वी चंपारण को तीन–शून्य से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

---

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने टीआरइ–3 के तहत विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अभ्यर्थी 28 से 30 जून तक दस्तावेज में सुधार के कर सकते हैं। बीपीएससी के अनुसार ये दस्तावेज राजपत्रित पदाधिकारी से हस्ताक्षरित होने चाहिए।

---

और, अब जिलों से प्राप्त अन्य समाचार....

सीवान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित हरदिया गांव में कल देर रात अपराधियों ने तीन सगे भाइयों को गोली मार दी। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज में हड़बौरा नदी में नहाने के दौरान डूबने से चार बच्चों की मौत हो गयी। स्थानीय अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि सभी बच्चों के शव बरामद कर लिये गये हैं।

---

रोहतास जिले के अकबरपुर गांव में मोहर्रम के चांद जुलूस के दौरान बिजली के तार के सम्पर्क में आने से एक युवक की मौत हो गयी। वहीं, आधा दर्जन से अधिक युवक झुलस गये।

---

भागलपुर जिले में गरीब परिवारों को जीविका स्वयं सहायता समूह से जोड़ने के लिए विशेष अभियान के तहत पिछले एक माह में एक हजार एक सौ अट्ठासी नये स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों से तेरह हजार से अधिक परिवारों को जोड़ा गया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ईओयू की छापेमारी की खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– एसएफसी लेखापाल ने खरीदी करोड़ों की सम्पति। दैनिक भास्कर ने विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के सीट बंटवारे की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– लोकसभा चुनाव के फार्मूले पर विधानसभा की सीटें बांटने पर सहमति। एडजस्टमेंट में पांच

प्रतिशत बदलाव की गुंजाइस थी। दैनिक जागरण लिखता है– बक्सर में हादसा, टेंकर से गैस रिसाव, खाली कराया गया एक किलोमीटर क्षेत्र। प्रभात खबर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– शहर से ज्यादा गांव के लोग मोबाईल पर करते हैं बात। अखबार लिखता है– साईबर क्राईम की शिकायत करने में बिहार के लोग पीछे। आज अखबार की प्रमुख खबर है– चार निजी पावर कम्पनियों ने पीरपैंती पावर प्राजेक्ट में दिखाई रूचि। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा और पम्प स्टोरेज नीति को पन्द्रह दिन में मिल जायेगी मंजूरी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में नगर निकाय आम और उपचुनाव के लिए मतदान जारी। देश में पहली बार मतदाताओं को मिल रही है ई–वोटिंग की भी सुविधा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नवचयनित इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक में नामांकन के लिए बच्चों के आधार कार्ड की अनिवार्यता समाप्त।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।